**बिहार सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**

पत्रांक–
प्रेषक,

पटना, दिनांक–...............

सुधांशु शेखर राय,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),
सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– माननीय पटना उच्च न्यायालय एवं सभी जिला न्यायालय/अनुमंडल व्यवहार न्यायालयों में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से समुचित उपाय करने के संबंध में।

महाशय,

पुलिस महानिरीक्षक–सह–अपर महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा द्वारा माननीय पटना उच्च न्यायालय एवं सभी जिला न्यायालय/अधीनस्थ अनुमंडल न्यायालयों के लिए अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन समर्पित किया गया हैं, जिसमें कतिपय अनुशंसाएँ की गई है, जिसका अनुपालन तीन चरणों में कराया जाना अपेक्षित है। उक्त अग्नि अंकेक्षण प्रतिवेदन की प्रति BCD Whatsapp group के माध्यम से पूर्व में भेजा जा चुका हैं। जिसे पुनः संलग्न किया जा रहा है।

इस क्रम में दिनांक–25.11.2023 को V.C के माध्यम से संपन्न बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में प्रथम चरण में कराये जाने वाले Electrical safety कार्य यथा–न्यायालय भवनों (विशेषकर रेकार्ड रूम) में लूज वायर, खराब स्विच इत्यादि, जिससे आग लगने का खतरा हो, को तत्काल अनुरक्षण/मरम्मति मद से कराना सुनिश्चित करें।

द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण अंतर्गत कराये जाने वाले कार्य यथा–Fire Sprinkler system, Wet riser system, UG Tank, Public Address system, Fire alarm System, Electrical overhaul इत्यादि के लिए प्राक्कलन गठित कर अधीक्षण अभियंता के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर संबंधित मुख्य अभियंता को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। सभी अधीक्षण अभियंताओं की यह जिम्मेदारी होगी कि एक सप्ताह में प्राक्कलन मुख्यालय को उपलब्ध हो जाय।

कृपया इसे अति आवश्यक समझे।

अनु०– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–
(सुधांशु शेखर राय)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित) को सूचनार्थ एवं पत्र में वर्णित कार्यों को ससमय करवाने हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 9644 (अ) दिनांक– 28/11/23

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/11/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

E:\New DD2 Letter.Docx